आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 मई 2026 सान्ध्य समाचार

सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। एक रिपोर्ट–

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय की आवश्यकता पर बल दिया। पीठ ने कहा कि जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जमानत या सजा निलंबन का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है। विचाराधीन कैदी को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

****

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, हर गरीब को पक्का मकान मिले, पक्का आवास मिले और उसके लिए 2016 से ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से हर आवासहीन को पक्का मकान उपलब्ध कराने का अभियान चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में हमने 3 करोड़ 91 लाख घरों को मंजूरी दी और उनमें से 3 करोड़ 5 लाख से ज्यादा पूरे हो गए हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मऊ में तीन सौ बानवे करोड़ रूपये से अधिक लागत की एक सौ चौदह परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में लोंगो ने बदलते हुए भारत को देखा है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी बिना रूके और बिना थके सतत् विकास के कार्य कर रही है।

कोई सोचता था कि गोरखपुर से वाराणसी का मार्ग फोरलेन का होगा, कोई सोचता था कि मऊ से लखनऊ की दूरी अब मात्र तीन घंटे की हो जाएगी, ढाई से तीन घंटे की, अब सोचो ना, अब जाइए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से धड़धड़ा करके पौने तीन घंटे, तीन घंटे में लखनऊ। यहाँ आपके लिए प्रदेश की राजधानी इतनी नजदीक हो गई, गोरखपुर नजदीक हो गया, काशी नजदीक हो गया, प्रयागराज की दूरी घट गई। इतनी अच्छी कनेक्टिविटी और बाढ़ से बचाव के लिए सरकार कार्य कर रही है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसिंग केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, संवेदनशील व्यवहार, संवाद कौशल, साइबर अपराधों की समझ और फॉरेंसिक दक्षता प्रभावी पुलिसिंग की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है।

****

हमीरपुर जिले में कल देर रात आये तूफान के दौरान निर्माणाधीन पुल के गिरने से छह मजदूरों की मौत हो गई। मोराकंदर से कंदौर गांव तक फैला यह पुल बेतवा नदी पर बनाया जा रहा था। यह घटना देर रात दो बजे उस समय घटी जब बारिश के बीच कुछ मजदूर हाईड्रोलिक मशीन के नीचे खड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को पांच–पांच लाख रूपये तथा घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

****

आज पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की।

देश की स्वाधीनता आंदोलन के साथ वह जुड़े थे। देश के अंदर कृषि के क्षेत्र में, राजस्व के क्षेत्र में तमाम प्रकार के रिफॉर्म करने का श्रेय चौधरी साहब को जाता है। वे देश के किसानों के मसीहा थे और उनका स्पष्ट कहना था कि देश के विकास का रास्ता गांव और गांव के खेत और खलिहानों से होकर के जाता है।

अमरोहा सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में भी अलग–अलग आयोजनों में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल भी कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गयी है।

****